प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 15.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- राज्य मे पेट्रोल और डीजल पर 2 प्रतिशत वेट की हुई कटौती–केन्द्र ने भी पेट्रोल और डीजल 2 रूपये प्रति लीटर सस्ता किया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए गृह विभाग को आईटी एक्सपट्र्स की सेवाएं लेने के निर्देश दिए।
- कोटा संभाग में आज से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चने और सरसों की खरीद शुरू।
- विश्व उपभोक्ता दिवस आज –प्रदेश में कई कार्यक्रम।

.....................

राज्य में पेट्रोल और डीजल पर 2 प्रतिशत वेट की कटौती का निर्णय आज से लागू हो गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल मंत्रीमंडल की बैठक के बाद इसकी घोषणा की थी। इस निर्णय से प्रदेश में पेट्रोल पर 1 रूपए 40 पैसे से लेकर 5 रूपए 30 पैसे प्रति लीटर तथा डीजल पर 1 रूपए 34 पैसे से लेकर 4 रूपए 85 पैसे प्रति लीटर तक कमी आ गई है। नई दरें आज सुबह 6 बजे से प्रभावी हो गई है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आमजन को यह राहत प्रदान करने से राज्य सरकार पर 1500 करोड़ रूपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सभी जिलों में पेट्रोल और डीजल की दरें अब समान रहेगी। प्रदेश के सीमावर्ती और दूरस्थ जिलों में लोगों को पेट्रोल और डीजल की दरें करीब 5 रूपए तक अधिक देनी पड़ रही थी, साथ ही, ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के डीलरों को भी इस विसंगति के कारण नुकसान उठाना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पूरी के निर्देशानुसार दूरस्थ जिलों के लिए डिपो से पेट्रोल पम्प तक तेल परिवहन के मूल्य में भी कमी की गई है। वहीं केन्द्र सरकार ने भी पेट्रोल और डीजल दो रुपये प्रति लीटर सस्ता कर दिया है। नई दरें आज सुबह छह बजे से लागू हो गई हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि इससे उपभोक्ताओं की व्यय क्षमता बढ़ेगी तथा डीजल से चलने वाले वाहनों का परिचालन व्यय कम होगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी देशवासियों के हित के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता दर्शाती है।

.....................

राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के मंहगाई भत्ते में 4 प्रतिशत बढोतरी की घोषणा कर दी है। इससे मंहगाई भत्ता अब 46 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। प्रदेश के 8 लाख कर्मचारी और 4 लाख 40 हजार पेंशनर इस निर्णय से लाभान्वित होंगे। मंहगाई भत्ते की बढ़ी हुई दरें 1 जनवरी 2024 से प्रभावी मानी जायेगी। इससे राज्य सरकार पर 1 हजार 640 करोड़ रूपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त वित्तीय भार आयेगा। पंचायत समिति और जिला परिषद के कर्मचारियों को भी बढ़े हुए मंहगाई भत्ते का लाभ मिलेगा।

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में साइबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए गृह विभाग, पुलिस मुख्यालय और जिलों में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आईटी एक्सपट्र्स की सेवाएं लेने के निर्देश दिए है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में सौ दिवसीय कार्ययोजना में शामिल बिन्दुओं, बजट घोषणाओं और अन्य घोषणाओं की क्रियान्विति पर आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सवाई मानसिंह अस्पताल में बन रहे आईपीडी टावर के लिए पार्किंग स्थल बनाने के लिए अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वायत्त शासन विभाग जोधपुर, उदयपुर, अजमेर तथा बीकानेर शहर में सार्वजनिक पार्किंग और मार्केट एरिया के लिए कार्ययोजना बनाये। श्री शर्मा ने प्रदेश की ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने के लिए सोलर पार्कों के कार्यो को जल्द ही पूरा करने के लिए भी अधिकारियों को

निर्देशित किया। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा ग्रामीण विकास और पंचायती राज सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव और अधिकारी मौजूद रहे।

....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पीएम–स्वनिधि योजना रेहड़ी–पटरी वालों के लिए जीवनरेखा साबित हुई है। प्रधानमंत्री ने कल नई दिल्ली में पीएम–स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों ने कोविड के दौरान रेहड़ी–पटरी वालों की ताकत देखी है। श्री मोदी ने कहा कि अब तक 62 लाख लाभार्थियों को कुल 11 हजार करोड़ रुपये की ऋण सहायता दी गई है।

....................

कोटा संभाग में आज से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चने और सरसों की खरीद शुरू हो रही है। हमारे कोटा संवाददाता ने बताया कि इसके लिए ई–मित्र के माध्यम से पंजीकरण की प्रकिया पहले ही शुरू हो गई थी।

....................

एक अप्रेल से राज्य के शेष बचे स्थानों पर समर्थन मूल्य पर चने और सरसों की खरीद शुरू होगी। इसके लिए किसान 22 मार्च से ईकृमित्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकेंगे।

....................

प्रदेश में सरस डेयरी के बूथों पर अब ऊंटनी का दूध उपलब्ध हो सकेगा। गोपालन मंत्री ने कल इसकी शुरूआत की। हमारे बीकानेर संवाददाता ने बताया कि शुरूआत में ये बीकानेर में ही सरस डेयरी के बूथों पर उपलब्ध होगा।

....................

आज विश्व उपभोक्ता दिवस है। इस मौके पर प्रदेश में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी देने के लिए बाड़मेर के सूचना केन्द्र में प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इस दौरान संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएग। करौली में जिला मुख्यालय पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। वहीं भरतपुर के मिनी सचिवालय में भी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यहां उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में आयुर्वेद विभाग की ओर से निशुल्क अंतरंग आयुर्वेद क्षार सूत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है । यह शिविर आगामी 10 दिन तक जारी रहेगा । शिविर प्रभारी ने बताया कि शिविर में जटिल बीमारियों का इलाज निशुल्क किया जा रहा है।

....................

चिकित्सा विभाग ने आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की बढोतरी के लिए वित्तीय स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के बजट (लेखानुदान) में इसकी घोषणा की गई थी। इसकी अनुपालना में ये स्वीकृति जारी की गई है। अब आशा सहयोगिनियों का मानदेय 4 हजार 98 रूपए प्रतिमाह से बढ़कर 4 हजार 508 रूपए हो जायेगा। यह वृद्धि एक अप्रेल, 2024 से लागू होगी।

....................